बाल दिवस –समारोह

दिनांक 14/11/2019 को सेंट मोन्ट फोर्ट विद्यालय में बाल –दिवस समारोह का आयोजन किया गया। स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू जी को प्राचार्य जी , उप प्रचार्यजी एवं कोआर्डिनेटर श्रीमती ज्योति मैडम ,सिस्टर जैनी , सिस्टर एन्जिल एवं श्रीमती मीनाक्षी मैडम द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्रीमती रीना श्रीवास्तव एवं श्रीमती रेखा श्रीवास्तव द्वारा बाल –दिवस समारोह विषय का महत्व समझाया गया।

प्रार्थना नृत्य के साथ कार्यक्रम को क्रम दिया गया। शुभम् करोतु कल्याणं आरोग्यं सुख संपदा

इन्हीं सुविचारों के साथ विद्यालय की शिक्षिकाओं ने नृत्य की रोचक प्रस्तुति दी। जिसे विद्यालय के नृत्य शिक्षक मा. अजय निपुंगे जी ने कोरियोग्राफ किया।

इसी क्रम में सामूहिक गीत की अद्भुत प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षिकाओं के इस समूह को सुरताल वद्य करने में संगीत शिक्षक श्री मान समर्पित सर श्रीवास्तव जी ने अपनी अहम भूमिका निभाई। इसी क्रम में मूक अभिनय एवं नाटक " **अपनी जिम्मेदारी पहचाने**" को सभी ने सराहा ।

संस्कृति एवं परम्परा प्रधान राजस्थानी नृत्य एवं बंगाली नृत्य ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी का दिल जीता।

तत्पश्चात् विद्यालय के प्राचार्य रेवरेन ब्रदर मोनाचन के.के द्वारा नेहरू जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। एवं प्राचार्य जी ने सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का अगला मोंड़ ग्रांड फिनाले जिसने अपनी अति सुंदर प्रस्तुति द्वारा सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

मध्य –मध्य में श्री कृष्णा कपिल जी एवं श्रीमती ज्योति सोनी मैडम ने अपने सुरों से अदभुत समां बांधा।

अंत में विद्यालय के हेड ब्वाय रूषान राना एवं हेड गर्ल नेहा शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।